## SOCIAL WORK

## सामाजिक कार्य

## PAPER—III

## प्रश्न-पत्र—III

**NOTE:** This paper is of two hundred (200) marks containing four (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र दो सौ (200) अंकों का है एवं इसमें चार (4) खंड हैं। अभ्यर्थियों को इन में समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है।

www.examrace.com

## SECTION - I

## खण्ड – I

**Note :** This section contains five (5) questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about thirty (30) words and each carries five (5) marks.

**(5x5=25 marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित पाँच ( 5 ) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच ( 5 ) अंकों का है।

**(5x5=25 अंक)**

" A vision is not a project report or a plan target. It is an articulation of the desired end results in broader terms."

A. P. J. Abdul Kalam.

This is not a plan or projection of what India will be in 2020. Twenty years is too long a period for either. Even our demographic projections are only estimates and not actuals. The second decade of the 21st century lies behind a barrier that cannot be removed by statistical probes. In the mid-sixties India was under the threat of widespread famine perennially dependent on foreign food aid to feed its people. Who could have imagined that within such short period our foodgrain production will double and India will have significant surpluses ? Did we anticipate in 1980 that the personal computer revolution will appear just two years later ? When India's software exports were only $12 million in 1983, who imagined that they will multiply 500 times in the next 17 years and that the country will be recognized as a major IT power ? Who imagined the fall of the Berlin wall and the breaks up of the USSR within a span of two years. Even a visionary like Microsoft founder Bill Gates admits that he was not able to grasp the enormous potential of the Internet until it had already spawned a global revolution. The growth rate of our cities today is only 25 percent lower today than what we anticipated five years ago.

Planning and predicting long time horizons over two decades is beyond our capacity. Call it vision, imagination or aspiration, this faculty distinguishes us from other living beings and constantly drives the evolutionary progress of humanity. Vision requires a subtle blend of humility and the courage to dare.

To realize our vision, we must identify untapped potential and unutilized opportunities that await exploitation, both domestic and international. The problems and challenges that obstruct our progress must also be identified. Forces that oppose our progress make us strive harder. They prove the best indicators of what will be achieved.

We must fully utilize the material, human, technological and social resources we possess in the most rapid, efficient and organized manner. Oudated attitudes must be done away with, in order to advance rapidly. Our vision must express the aspirations of the nation as well as determination and commitment for self realization.

India's per capita income has doubled over the last twenty years. Population growth has slowed down by 1.6 percent per annum A growth rate of Gross Domestic Product (GDP) of around 9 percent per annum would be sufficient to quadruple the per capita income by 2020.

www.examrace.com

*Engines for economic growth*

- Education levels are rising rapidly
- Rates of technological innovation and application are accelerating.
- Cheaper and faster communication is dissolving physical and social barriers, both within country and internationally.
- Information is being made available in greater quantity and quality than before.
- Globalization is opening new markets.

If India achieves this quadrupling of per capita income by 2020, it will achieve a level of development far higher than where China is today and at par with the upper middle income (UMI) countries like Argentina, and South Africa.

**Developmental parameters for India at a glance:**

| *Developmental Parameters* | *India Present* | *UMI Reference for India 2020* |
|---|---|---|
| Poverty as % population BPL | 26.0 | [illegible]3.0 |
| Male Adult Literacy (%) | 68.0 | 9[illegible].0 |
| Net primary school enrolment | 77.2 | 99.9 |
| Telephones per 1000 population | 34 | 203 |

**Major Challenges for India**

- A target approach to bring millions of families above poverty line.
- Generation of nearly ten million new employment opportunities per annum, especially for low income groups.
- Eradication of illiteracy.
- A concerted effort to raise primary and secondary enrolment rates and minimize dropouts.
- Improved public health to reduce infant mortality and child malnutrition
- Massive investment in power generation.

'दृ[illegible] परियोजना की रिपोर्ट या योजना का लक्ष्य नहीं है। यह वृहत अर्थों में हमारे अंतिम अपेक्षित [illegible] लक्ष्य की अभिव्यक्ति है।'

– ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

यह कोई, सन 2020 की भारतीय योजना या प्रेक्षण नहीं है। बीस साल का खंडकाल बहुत लंबा है। बीस वर्ष का समय काफी लंबा होता है। यहाँ तक कि हमारे जनांकिकीय प्रक्षेप (डेमोग्राफिक प्रोजेक्शन) भी केवल अनुमान मात्र हैं वास्तविक नहीं। इक्कीसवीं सदी का दूसरा दशक एक बाधा (बैरियर) के पीछे छिपा है जिसे आंकड़ों की जाँच से दूर नहीं किया जा सकता। साठ के दशक के मध्य में भारत अकाल के भय से विदेशों से आयात खाद्यान्न पर शाश्वत रूप से निर्भर रहा करता था। कौन कल्पना कर सकता था कि बहुत थोड़े समय में हमारा अन्न उत्पादन दुगुना हो जायेगा और हमारे पास अन्न का अतिरिक्त भंडार हो जायेगा। क्या हमने

www.examrace.com

1980 में कल्पना की थी कि केवल दो वर्ष बाद व्यक्तिगत कंप्यूटरों की क्रांति हो जायेगी। जब भारत का साफ्टवेयर निर्यात 1983 में बारह मिलियन डॉलर था वह सत्रह वर्षों में पाँच सौ गुना हो जायेगा और यह देश बड़ी आइ.टी. शक्ति बन जायेगा। किसने कल्पना की थी की दो वर्षों की अवधि में बर्लिन की दीवार ढह जायेगी और सोवियत संघ का पतन हो जायेगा। यहाँ तक कि माइक्रोसाफ्ट का संस्थापक और द्रष्टा बिलगेट भी स्वीकार करता है कि वह इन्टरनेट की इस विशाल क्षमता को नहीं माप पाया था जिसने सारे भूमंडल में क्रांति पैदा की है। हमारे शहरों की वृद्धि दर जितना हम ने पाँच साल पहले पूर्वापेक्षा की थी उस के केवल 25 प्रतिशत कम है।

क्षितिज के उस पार छिपे दो दशकों के लिए नियोजन और भविष्यवाणी करना हमारी क्षमता के बाहर है। इसे आप दृष्टि कहें, कल्पना कहें अथवा आकांक्षा, यही वह शक्ति है जो हमें अन्य प्राणियों से अलग करती है और निरंतर मानवता के विकास की प्रगति को अग्रसर करती रहती है। दृष्टि, विनम्रता [illegible] के साहस के सूक्ष्म मिश्रण की अपेक्षा करती है।

इस दृष्टि को प्राप्त करने के लिए हमें अनदेखी क्षमताओं तथा अप्रयुक्त अवसरों की पहचान करनी होगी जिनके दोहन की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतीक्षा हो रही है। जो समस्यायें और चुनौतियाँ हमारी प्रगति को रोकती हैं उनकी पहचान अवश्य होनी चाहिए। जो शक्तियाँ हमारी प्रगति का विरोध करती हैं वे हमें और अधिक प्रयत्न करने को प्रेरित करती हैं।

हमें व्यवस्थित और कुशल एवं त्वरित गति से अपने पास उपलब्ध सामग्री, मानव शक्ति, टेक्नोलॉजी और सामाजिक संसाधनों का पूरी तौर उपयोग करना चाहिए। पुराना रवैय्या त्याग देना चाहिए ताकि हम शीघ्र आगे बढ़ सकें। हमारी दृष्टि को राष्ट्र की आकांक्षाओं, दृढ़ संकल्प तथा आत्मोपलब्धि का संकल्प व्यक्त करना चाहिए।

भारत की प्रति व्यक्ति औसत आय गत 20 वर्षों में दुगुनी हो गई है। जनसंख्या वृद्धि की रफ्तार धीमी हो कर 1.6 प्रति वर्ष हो गई। हमारा सकल घरेलू आय (जी.डी.पी.) 9 प्रतिशत प्रति वर्ष है जो 2020 तक प्रति व्यक्ति आय चौगुना होने के लिए पर्याप्त है।

**आर्थिक वृद्धि के लिए [illegible]**

- शिक्षा का स्तर तीव्रता से बढ़ रहा है।
- ज्ञान में नवप्रवर्तन (इन्नोवेशन) और अनुप्रयोग की दर तीव्रगति से बढ़ रही है।
- सस्ता और त्वरित संप्रेषण देश के भीतर एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भौतिक और सामाजिक बाधाओं को दूर कर रहा है।
- पहले से अधिक मात्रा एवं गुणवत्ता की दृष्टि से सूचना उपलब्ध हो रही है।
- भूमंडलीकरण से नये बाजार खुल रहे हैं

यदि भारत 2020 तक प्रति व्यक्ति आय चौगुनी कर लेता है तो वह चीन से, जहाँ वह आज है, कई गुना अधिक विकास का स्तर प्राप्त कर सकता है और उच्च मध्य आय वर्ग के देशों अर्जेन्टीना, चिली और दक्षिण अफ्रीका के समकक्ष।

www.examrace.com

भारत के विकास के प्राचल ( पैरामीटर्स ) विहंगम दृष्टि :

| *विकास के प्राचल* | *भारत वर्तमान* | *उच्च मध्य आय वर्ग 2020 के भारत के संदर्भ में* |
|---|---|---|
| गरीबी % जनसंख्या बी.पी.एल. | 26.0 | 13.0 |
| पुरुष वयस्क साक्षरता % | 68.0 | 96.00 |
| कुल प्राइमरी स्कूल में भर्ती | 77.2 | 99.9 |
| प्रति 1000 की जनसंख्या पर टेलीफोनों की संख्या | 34 | 203 |

**भारत की मुख्य चुनौतियाँ**

- लाखों परिवारों को गरीबी की रेखा से ऊपर लाने के लिए लक्ष्य प्राप्त करना।
- प्रति वर्ष करीब एक करोड़ नई नौकरियाँ जुटाना विशेष रूप से निम्न आय वर्ग के लोगों के लिए।
- निरक्षरता को समाप्त करना।
- प्राथमिक और सेकेन्डरी स्तर पर स्कूल में भर्ती की दर बढ़ाना तथा स्कूल छोड़ने वालों की संख्या कम करना।
- जनस्वास्थ्य में सुधार व शिशु मृत्यु दर में कमी व बच्चों में कुपोषण रोकना।
- विद्युत उत्पादन में भारी विनिवेश।

**1.** Discuss the vision for a prosperous India.

समृद्ध भारत के लिए दृष्टि पर चर्चा कीजिए।

www.examrace.com

2 Enlist the steps to make vision a reality

दृष्टि को यथार्थ बनाने के लिए बताये गये कदमों की सूची बनाइए।

3. What are the issues and priorities for progress of India ?

भारत की प्रगति के लिए क्या मुद्दे और [illegible] हैं

www.examrace.com

4. State the significance of engines of economic growth and discuss any two engines for economic growth.

आर्थिक विकास के इंजन के महत्व पर प्रकाश डालिए और विकास के दो इंजनों की चर्चा कीजिए।

5. Discuss the developmental parameters for India.

भारत के विकास के प्राचलों ( पैरामीटर्स ) की चर्चा कीजिए।

www.examrace.com

## SECTION - II

## खण्ड – II

**Note :** This section contains fifteen (15) questions each to be answered in about thirty (30) words. Each question carries five (5) marks.

**(5x15=75 marks)**

**नोट :** इस खंड में पंद्रह (15) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

**(5x15=75 अंक)**

6. "Supervision has an exclusive place in social work education." Justify the statement, highlighting "remedial supervision".

'सामाजिक कार्य शिक्षा में पर्यवेक्षण का अनन्य स्थान है' – 'उपचारी पर्यवेक्षण' (रेमिडियल सुपरविजन) पर प्रकाश डालते हुए इस वक्तव्य का औचित्य समझाइए।



www.examrace.com

7. Enlist five(5) principles of Social Work and five social reform movements in India.

भारत में पाँच सामाजिक कार्य के सिद्धांतों तथा पाँच समाज सुधार आन्दोलनों को सूचीबद्ध कीजिए।

8. State the theories of social change and social disorganisation.

सामाजिक परिवर्तन तथा सामाजिक विघटन के सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।

www.examrace.com

9. Discuss the function of rationalisation as coping mechanism while facing threatening situations.

विपरीत परिस्थितियों में परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिए व्यवस्थीकरण (रेशनलाइजेशन) के प्रकार्य (फंक्शन) की चर्चा करें।

10. Briefly describe the characteristics of the oedipal stage of human development.

मानव विकास की 'ईडिपल' अवस्था के अभिलक्षणों की संक्षेप में चर्चा कीजिए।

www.examrace.com

11. Clearly distinguish between "Crisis Intervention" and "Crisis Oriented brief therapy".

'संकट हस्तक्षेप' (क्राइसिस इन्टरवेन्शन) और 'संकट प्रमुख लघु चिकित्सा' (क्राइसिस ओरियेंटिड थेरापी) में अंतर स्पष्ट कीजिए।

12. Enlist the steps in the Social Casework Process.

सामाजिक व्यक्तिसहाय्य प्रक्रिया के सभी चरणों को बताइए।

www.examrace.com

**13.** Mention the principles of Social Group Work.

सामाजिक गट (ग्रुप) कार्य के सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए।

**14.** Explain "Rothman's Model" in Community Organisation.

समुदाय संगठन में 'रोथमैन के नमूने' की व्याख्या कीजिए।

www.examrace.com

**15.** State the purpose and techniques of Social Action in Community Organization.

सामुदायिक संगठन में सामाजिक कार्रवाई का उद्देश्य एवं तकनीक का वर्णन कीजिए।

**16.** Define "Social Work Research" and explain "Sampling".

'सामाजिक कार्य अनुसंधान' को परिभाषित कीजिए और 'सैंपलिंग' की व्याख्या कीजिए।

www.examrace.com

17. Explain the concept of "Social Policy" and enlist the Social Security Programmes in India.

'सामाजिक नीति' की संकल्पना स्पष्ट कीजिए और भारत में सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रमों को सूचीबद्ध कीजिए।

18. Enlist the task of social work in promoting Social Legislation and Social Justice.

सामाजिक विधायक (लेजिस्लेशन) और सामाजिक न्याय को बढ़ाने में सामाजिक कार्यकर्ता के कार्यों की सूची बनाइए।

www.examrace.com

**19.** Discuss the salient features in the policy documents on Health in India with reference to the principle of distributive justice.

भारत में स्वास्थ्य नीति अभिलेखों में, वितरक न्याय (डिस्ट्रिब्यूटिव जस्टिस) के संदर्भ, प्रमुख अभिलक्षणों की चर्चा कीजिए।

**20.** Enlist the problems of Social Development in India.

भारत में सामाजिक विकास की समस्याओं की सूची बनाइए।

www.examrace.com

## SECTION - III

## खण्ड – III

**Note :** This section contains five (5) questions from each of the electives / specialisations. The candidate has to choose <u>only one</u> elective / specialisation and answer all the five questions from it. Each question carries twelve (12) marks and is to be answered in about two hundred (200) words.

**(12x5=60 marks)**

**नोट :** इस खंड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता से पाँच ( 5 ) प्रश्न हैं। अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई/विशेषज्ञता को चुनकर उसी में से पाँचो प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न बारह ( 12 ) अंकों का है व उसका उत्तर लगभग दो सौ ( 200 ) शब्दों में अपेक्षित है।

**(12x5=60 अंक)**

### Elective - I

### विकल्प – I

**21.** Explain principles and approaches of Labour Welfare & Human Resource Management.

श्रम कल्याण एवं मानव संसाधन प्रबंधन के सिद्धांतों एवं दृष्टिकोणों की व्याख्या कीजिए।

**22.** Clarify the concept of "Collective Bargaining" and prepare an action plan of training trade union leader for effective "Collective Bargaining".

"सामूहिक सौदाकारी" की संकल्पना का स्पष्टीकरण कीजिए तथा सामूहिक सौदाकारी को प्रभावशाली बनाने के लिए ट्रेड यूनियन (मजदूर संघ) के नेताओं को प्रशिक्षित करने के लिए कार्ययोजना बनाइए।

**23.** What are the causes for Absentism ? Prepare an action plan to combat absentism in Indian Industries.

'अनुपस्थितता की प्रवृत्ति' (ऐबसेन्टिज्म) के कारण क्या है? भारतीय उद्योगों में अनुपस्थितता की प्रवृत्ति रोकने के लिए कार्य योजना बनाइए।

**24.** "Social Security Legislations of India protect and promote interest of working class of India" critically evaluate the statement.

'भारत का सामाजिक सुरक्षा विधान श्रमिक वर्ग के हितों की रक्षा करता है' – इस वक्तव्य का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए।

www.examrace.com

25. CSR (Corporate Social Responsibility) projects enlarge the scope of the role of welfare officer in Industrial Social Work" Discuss the statement.

'सी.एस.आर. (कारपोरेट सामाजिक दायित्व) परियोजना औद्योगिक सामाजिक कार्य में, कल्याण अधिकारी की भूमिका को व्यापक कर देती है' – इस वक्तव्य पर चर्चा कीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - II**

**विकल्प – II**

21. Trace the important landmarks that promoted the field and practice of Medico-Social work in India. Suggest how these special area of social work practice can be strengthened.

भारत में समाज स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण घटनाओं को चिन्हित कीजिए तथा सामाजिक कार्य के इस विशिष्ट क्षेत्र को कैसे संवर्द्धित किया जाय इसके लिए उपाय सुझाइए।

22. State the changes in Medico-Social work practice brought about in India after the Alma Ata Resolution of 1978. Discuss the importance of the directives given to health service by the Alma Ata Resolution.

1978 के अल्मा अता प्रस्ताव के बाद समाज स्वास्थ्य सेवा में आए परिवर्तनों का वर्णन कीजिए। अल्मा अता प्रस्ताव द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को दिए गए निर्देशों की चर्चा कीजिए।

23. State the important provisions of the persons with disability Act 1995. Explain how these provisions have changed the practice of Social Work with the disabled.

अपंग व्यक्ति अधिनियम 1995 के महत्वपूर्ण प्रावधानों का वर्णन कीजिए। इस अधिनियम के प्रावधानों से अपंग व्यक्तियों के प्रति समाज-कार्य की पद्धति बदल दी है। इसे स्पष्ट कीजिए।

24. Discuss the action of Pulse Polio Campaigns for the Eradication of Polio in India. What are the major hurdles responsible to weaken the campaign.

भारत में पोलियो के उन्मूलन के अभियान में पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत क्या कार्रवाई हुई उसकी चर्चा कीजिए। इस अभियान को कमजोर बनाने में कौन सी बाधायें उत्तरदायी हैं?

www.examrace.com

25. Describe briefly the nature of the maternal and child health programme in India. What is the relevance of maternal and child health to Social Development in India?

भारत में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रकृति का संक्षेप में वर्णन कीजिए। भारत में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की सामाजिक विकास में क्या प्रासंगिकता है?

**OR / अथवा**

**Elective - III**

**विकल्प –III**

21. Breifly explain the origin of community development and discuss the process of community development.

समुदाय विकास कार्य की निर्माण प्रक्रिया का संक्षिप्त विवेचन करें और समुदाय विकास प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

22. Bring out the problems of rural communities in the context of globalisation.

जागतीकरण प्रक्रिया संबंधित ग्रामीण समुदायों के प्रश्नों का विवेचन कीजिए।

23. Did 73rd Amendment of the constitution on Panchayat Raj empower rural communities? Discuss.

क्या भारतीय संविधान के 73 वें सुधारणा द्वारा ग्रामीण समुदाय का सबलीकरण हुआ है? चर्चा कीजिए।

24. Discuss, how far Integrated Tribal Development Agency could bring changes in the lives of Tribals?

एकात्मिक आदिवासी विकास संस्था किस तरह आदिवासीयों के जीवन में सुधार ला सकता है?

25. Prepare an outline to improve the conditions of the urban poor.

नागरी गरीब जनता के जीवन में सुधार लाने के लिए एक प्रकल्प अहवाल तैयार कीजिए।

**OR / अथवा**

**Elective - IV**

**विकल्प –IV**

21. Discuss the salient provisions of the law of family courts in India. How did the law related to divorce promote the interest of couples in conflict?

भारत में परिवार न्यायालय के प्रावधानों के मुख्य लक्षण बतलाइए। तलाक संबन्धी नियम से युग्मों की संघर्ष में दिलचस्पी किस प्रकार बढ़ायी है? विवाहित जोड़ों की वैवाहिक समस्याओं के कारण बच्चों की सामाजिक एवं भावनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हस्तक्षेप के क्षेत्रों की सूची बनाइए।

www.examrace.com

22. In view of population growth amongst aged workout a model of institutional care for elderly in India.

भारत में आज आयु संभावित (इक्सपेक्टेन्सी) की प्रकृति क्या है? भारत में वृद्धों के लिए एक आदर्श कार्यक्रम का प्रारूप बनाइए जिसमें वृद्धों के लिए आवास तथा समाज में उनकी प्रतिभागिता को उजागर किया गया हो।

23. Discuss the situation of Indian families in the context of career demands on women today.

भारत में आज महिलाओं की जीविका की मांग और जीविका के बदलते लक्ष्य को देखते हुए इस संदर्भ में परिवारों की स्थिति पर चर्चा कीजिए।

24. List out the provisions in the youth policy of India and work out a plan for families to facilitate the youth to realise their aspirations.

भारत की युवा नीति के प्रावधानों की सूची बनाइए तथा परिवारों के लिए युवा आकांक्षाओं की पूर्ति को सुगम बनाने के लिए एक योजना बनाइए।

25. Discuss the programmes of women and children promoted by international agencies.

अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा पुरस्कृत महिला और बाल विकास के लिए आयोजित कार्यक्रम का विवेचन कीजिए।

OR / अथवा

Elective - V

विकल्प – V

21. Explain how broken families are responsible for juvenile delinquency.

भग्न परिवार किस प्रकार किशोर अपराधिकता के लिए उत्तरदायी हैं। स्पष्ट कीजिए।

22. Enlist the correctional services in India and discuss the advantages of probation in correctional settings to improve the morale of prisoners.

भारत में सुधारात्मक सेवाओं की सूची बनाइए तथा बताइए कि सुधारात्मक परिवेश में परिवीक्षण में रखे गये व्यक्ति की मनोदशा को सुधारने में परिवीक्षण के लाभों की चर्चा कीजिए।



www.examrace.com

23. Explain the role of social worker in the correctional setting.

सुधारात्मक परिवेश में सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका की व्याख्या कीजिए।

24. Explain the prison reforming movement in India and its impact on the Indian Prison System.

भारत में जेल सुधार आंदोलन के बारे में बताइए तथा इससे भारत की जेल प्रणाली पर क्या प्रभाव पड़ा?

25. Explain the role of police in prevention of crime in the present society with special reference to victims of violence.

वर्तमान समाज में अपराध के नियंत्रण में पुलिस की भूमिका के बारे में बताइए, विशेष रूप से हिंसा के शिकार व्यक्तियों के संदर्भ में।

www.examrace.com

## SECTION - IV

## खण्ड—IV

**Note :** This section consists of one essay type question of forty (40) marks to be answered in about one thousand (1000) words on any of the following topics. This question carries 40 marks.

**(40x1=40 marks)**

**नोट :** इस खंड में एक चालीस ( 40 ) अंको का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग एक हजार ( 1000 ) शब्दों में अपेक्षित है।

**(40x1=40 अंक)**

**26.** Discuss the strengths and weaknesses of 7 decades of social work in India and design a new agenda of social work for 2020 focussing on social development.

भारत में सात दशाब्दियों में समाज कार्य की शक्ति एवं दुर्बलताओं के बारे में बताइए और वर्ष 2020 के लिए सामाजिक विकास को केंद्रित करते हुए नयी विकास की कार्य सूची ( एजेंडा ) व खाका ( डिजाइन ) तैयार कीजिए।

**OR / अथवा**

How globalisation effected industrial scene in India and suggest a suitable plan of social work intervention for industrial social work.

भारत में भूमंडलीकरण ने औद्योगिक परिदृश्य को कैसे बदला है तथा औद्योगिक सामाजिक कार्य के लिए उपयुक्त योजना सुझाइए।

**OR / अथवा**

Critically examine the health policy and programmes in India. Formulate a community based intervention model for health programmes in India, focussing on task of social workers in health set up.

भारत में स्वास्थ्य नीति तथा कार्यक्रम की समीक्षा कीजिए। स्वास्थ्य सेवा में सामाजिक कार्यकर्ता को केन्द्रित कर स्वास्थ्य सेवा का समुदाय आधारित अंतरक्षेपी मॉडल तैयार कीजिए।

www.examrace.com